# FORM G

## INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST FOR M/S BHAGWATI RICE MILL PRIVATE LIMITED OPERATING IN AGRO INDUSTRY AT MAINPURI, UTTAR PRADESH

*(Under sub-regulation (1) of regulation 36A of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)*

| SL. | RELEVANT PARTICULARS | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the corporate debtor along with PAN & CIN/ LLP No. | BHAGWATI RICE MILL PRIVATE LIMITED<br>PAN: AAACB7913J<br>CIN: U15312UP1995PTC019042 |
| 2. | Address of the registered office | SIRSAGANJ ROAD MAINPURI, UTTAR PRADESH, INDIA - 205001 |
| 3. | URL of website | NA |
| 4. | Details of place where majority of fixed assets are located | SIRSAGANJ ROAD MAINPURI, UTTAR PRADESH, INDIA - 205001 |
| 5. | Installed capacity of main products/ services | 12 TONNES PER HOUR (TPH) AS ON MARCH 31, 2022 |
| 6. | Quantity and value of main products/ services sold in last financial year | NIL |
| 7. | Number of employees/ workmen | NIL |
| 8. | Further details including last available financial statements (with schedules) of two years, lists of creditors are available at URL: | Details can be sought by emailing at cirp.bhagwatiricemills@gmail.com |
| 9. | Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at URL: | Details can be sought by emailing at cirp.bhagwatiricemills@gmail.com |
| 10. | Last date for receipt of expression of interest | 06.03.2026 |
| 11. | Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants | 16.03.2026 |
| 12. | Last date for submission of objections to provisional list | 21.03.2026 |
| 13. | Date of issue of final list of prospective resolution applicants | 31.03.2026 |
| 14. | Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants | 21.03.2026 |
| 15. | Last date for submission of resolution plans | 20.04.2026 |
| 16. | Process email id to submit Expression of Interest | cirp.bhagwatiricemills@gmail.com |
| 17. | Details of corporate debtor's registration status as MSME | UDYAM-UP-53-0000846 dated 08.03.2021 |

Babitajain

BABITA JAIN IBBI/IPA-002/ IP-N00321/ 2017-18/10926 INSOLVENCY PROFESSIONAL

Babita Jain
Resolution Professional
M/S BHAGWATI RICE MILL PRIVATE LIMITED
Reg no: IBBI/IPA-002/ IP-N00321/2017-18/10926
AFA Valid upto 31.12.2026
Registered Office: SIRSAGANJ ROAD MAINPURI, UTTAR PRADESH, INDIA - 205001
RP office: 35B/6 Madhokunj, Rammohan Plaza, Katra, Allahabad, Uttar Pradesh 211002
Email: jainbabita06@gmail.com , cirp.bhagwatiricemills@gmail.com

Date: 18.02.2026
Place: Allahabad

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था का एसएसपी ने लिया जायजा

एटा। 18 फरवरी 2026 को यूपी बोर्ड परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्याम नारायण सिंह ने गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज और जिला मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण किया। उन्होंने नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्थाओं और सीसीटीवी कंट्रोल रूम की स्थिति का आकलन किया। एसएसपी ने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को सतर्क रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना शासन की प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

### सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

एटा। मिरहची थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना गांव आसेपुर के पास हुई, जब उनकी अपाचे मोटरसाइकिल पीछे से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे के बाद दोनों घायल बाइक सवारों को तत्काल पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान कासगंज जिले के ग्राम अंबेडकर पार्कनदरई निवासी वृषभानु (33) और जयकिशन (36) के रूप में हुई है। दोनों नदरई से अपनी मौसी के गांव धुमरी जा रहे थे। मिरहची थाना पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर दोनों को इलाज के लिए भेजा। थानाध्यक्ष नीतू वर्मा ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्तियों की सहायता की और उनकी स्थिति की जानकारी ली।


### आठ परीक्षा केंद्रों पर संयुक्त शिक्षा निदेशक का छापा

एटा। बोर्ड परीक्षा के पहले दिन ही शासन की सख्ती का असर देखने को मिला। मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार गिरी ने आठ परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और केंद्र व्यवस्थापकों को नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जीआईसी, वार्ष्णेय इंटर कॉलेज, श्री गांधी स्मारक, महारानी लक्ष्मी बाई, जीजीआईसी लालगढ़ी, पंडित दीनदयाल जिरसिमी, रोहन लाल चतुर्वेदी सर्वोदय इंटर कॉलेज सहित अन्य केंद्रों का निरीक्षण किया। सहावर रोड स्थित नबाब सिंह परीक्षा केंद्र पर परीक्षा कक्ष में कम रोशनी होने पर संयुक्त शिक्षा निदेशक ने नाराजगी जताई। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने सभी कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# 2549 परीक्षार्थियों ने छोड़ी प्रथम दिन की परीक्षा

स्वदेश समाचार ■ कासगंज।

परीक्षा में सम्मिलित होने को पंजीकृत थे 39686 परीक्षार्थी


कॉलेज के बोर्ड पर रोल नबंर से अपनी सीट व कमरे का पता लगाते परीक्षार्थी।

जनपद में पुलिस और प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से शुरु हो गई है। इन परीक्षाओं को नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पुरी तरह से अलर्ट है। जनपद हाईस्कूल व इंटर मीडिएट के 39686 परीक्षार्थी बैठने थे, जिनमें से 2549 परीक्षार्थियों ने पहले दिन परीक्षा छोड दी। वहीं परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन ने कासगंज जिले को 3 जोन और 8 सेक्टर में विभाजीत कर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों और कर्मियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

आपको बतादे कासगंज जिले में सोमवार से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा की शुरुआत हो गई है। इन परीक्षाओं के लिए कासगंज जिले में 64 परीक्षा केंद्र बनाएं गए है। जिनमें प्रथम पाली सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुई, जो कि पौने 12 बजे तक चली। इस दौरान हाईस्कूल का हिन्दी विषय व इंटर का हिन्दी विषय का पेपर संपंन कराया गया। कठिन विषय न होने के बावजूद भी परीक्षार्थियों की तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। दोपहर बाद तक प्रथम पाली की उत्तर पुस्तिकाएं संकलन केंद्र पर जमा हो सकीं। संकलन केंद्र के प्रभारी ने बताया कि प्रथम पाली में हिन्दी विषय की परीक्षा के लिए 21708 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें से 1454 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं, जबकि 20254 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं। वहीं प्रथम पाली में ही इंटर मीडियम के हिन्दी विषय की परीक्षा के लिये 17978 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें से 1095 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं, जबकि 16883 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं। वहीं जिले में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए 3 जोन और 8 सेक्टर में विभाजित किया गया है। और जिले में 3 अतिसंवेदनशील व 14 संवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाएं गए है। केंद्रों पर सुरक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 3 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे और कंट्रोल रूम से भी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जा रही है।

### छात्र-छात्राओं का रोली-तिलक लगाकर किया उत्साहवर्धन

पटियाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई पटियाली, कासगंज द्वारा नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (हाईस्कूल/इंटर) की परीक्षाओं के पहले दिन केंद्रों के बाहर छात्रों का भव्य स्वागत किया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रति मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने परीक्षा केंद्रों के बाहर पहुंचकर परीक्षा देने आए छात्र-छात्राओं के माथे पर तिलक लगाया और उन्हें परीक्षा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# विधायक ने की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग

## विधायक हरिओम वर्मा ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की मुलाकात

■ प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र अमांपुर को सामुदायिक स्वास्थ्य के रूप में विकसित करने की मांग की

स्वदेश समाचार ■ अमांपुर।

विधान सभा अमांपुर के क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा ने अमांपुर कस्बे के प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग को लेकर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अमांपुर प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की मांग रखी।

विधायक ने बताया कि स्थानीय प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। इस केंद्र पर प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में मरीज आते है। मजबूरन लोगों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय जाना पड़ता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को क्रमोन्नत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने से क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज के निजी अस्पतालों में नहीं भटकना पड़ेगा। आने वाले दिनों में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने में विभाग को बल मिलेगा। ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सके। डिप्टी सीएम ने उन्हें समस्याओं के निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया। और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। विधायक हरिओम वर्मा ने कहां कि अमांपुर विधानसभा के लिए विकास की बड़ी सौगात होगी। उपमुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को जल्द ही स्वीकृत देने का वादा किया है।

# आसमान में बादल छाए देखकर किसानों की अटक रहीं सांसें

■ बादलों और तेज हवाओं ने बढ़ा दी किसानों की धड़कन

स्वदेश समाचार ■ अमांपुर।


खेतों में खड़ी सरसों की फसल।

फरवरी माह में दो तीन दिन से निकल रही तेज धूप के बीच बुधवार को मौसम ने अचानक करवट बदल ली दोपहर के समय आसमान में बादल छाने से किसानों की चिता बढ़ा गई है। किसानों को मौसम खराब होने की आशंका है। ऐसे में किसान खेतों में तैयार खड़ी फसलों को ठिकाने लगाने में जुट गए है। आलू की खोदाई और सरसों की कटाई को गति देने के साथ ही फसल को घरों तक पहुंचाया जा सके। बुधवार की सुबह को तेज हवाओं के साथ यकायक मौसम का मिजाज बदला। जिससे किसानों को मौसम खराब होने की आशंका है। ऐसे में अधिकांश खेतों मे सरसों की फसल कटी हुई पड़ी है। बारिश की आशंका से किसानों की नींद उड गई है। भारी बारिश हुई तो सबसे अधिक नुकसान आलू और सरसों, गेंहू की फसल को होगा। सरसों की फसल खेतों में पकी खड़ी है। जिसकी कटाई का कार्य चल रहा है। फसल को सुरक्षित करने के लिए किसान दिनरात जुटे हुए हैं।

तेज हवाओं के साथ बारिश होती है। तब गेहूं, जौ की फसल टूटकर खेत में गिर जाएगी। उससे फसल खराब हो जाएगी। किसान नेत्रपाल सिंह नगला चौपारा, अमांपुर।

मौसम में बदलाव से किसानों को खेतों में पकी खड़ी सरसों की फसल खराब होने की चिंता सताने लगी है। किसान भमरपाल शाक्य अमांपुर।

# जिलाधिकारी ने विकास भवन का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्था

स्वदेश समाचार ■ कासगंज।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कृषक सुनील कुमार गंजडुडवारा द्वारा घरेलू कनैक्शन से सम्बन्धित शिकायत की जिसका संज्ञान अधिशासी अभियन्ता द्वारा लिया गया। कृषक दिनेश चन्द्र द्वारा आलू की सरकारी खरीद न होने सम्बन्धित शिकायत की जिसका संज्ञान जिला उद्यान अधिकारी द्वारा लिया गया। कृषक रामप्रकाश शर्मा द्वारा गाय के बीमा न होने सम्बन्धित शिकायत की।

जिसका संज्ञान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा लिया गया तथा गायों के बीमा जल्द कराने का आस्वासन दिया गया। कृषक योगेन्द चौहान द्वारा अवगत कराया गया कि फार्मर रजिस्ट्री में जमीन प्रदर्शित न होने के कारण गोदाम द्वारा बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसका संज्ञान उप कृषि निदेशक द्वारा लिया गया और फार्मर रजिस्ट्री में जमीन प्रदर्शित न होने की दशा में खतौनी के आधार पर बीज उपलब्ध कराने का आस्वासन दिया गया एवं विभागीय योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी कासगज द्वारा उच्च गुणवतता वाले मक्का के बीज खरीदने तथा बुवाई करने का सही तरीका बताया गया तथा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन से सम्बन्धित जानकारी कृषकों के मध्य दी गयी। पशुपालन विभाग द्वारा एफएमडी वायरस की रोकधाम के लिये जनपद में टीकाकरण प्रारम्भ होने से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। जिला गन्ना अधिकारी कासगंज द्वारा बकाया गन्ना भुगतान जल्दी कराने का आस्वासन दिया गया, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक द्वारा फसल बीमा की किस्त कृषकों की अनुमति के आधार पर काटने सम्बन्धी जानकारी दी गयी। उसके उपरांत जिलाधिकारी ने आज विकास भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकास भवन सभागार में प्रकाश व्यवस्था में सुधार लाने ओर साफ सफाई बनाए रखने के दिए निर्देश।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से किया जाए।

# रेलवे लाइन परियोजना को लेकर सांसद ने अधिकारियों के साथ की बैठक

स्वदेश समाचार ■ कासगंज।

जनपद के कासगंज रेलवे स्टेशन पर एटा कासगंज रेलवे लाइन परियोजना के रेलवे अधिकारियों एवं अपर जिला अधिकारी कासगंज एवं एटा के साथ सांसद देवेश शाक्य द्वारा की गई। बैठक केंद्र सरकार द्वारा आम बजट में इस परियोजना के लिए 100 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई, जो रेलवे द्वारा राज्य सरकार के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए आवंटित की गई है। धनराशि के आवंटित होने के बाद कार्य में तेजी लाने के लिए सांसद द्वारा इस परियोजना से जुड़े रेलवे अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई। जिसमें परियोजना को जल्द शुरू करने के लिए सांसद द्वारा रेलवे अधिकारियों को निर्देशित किया। रेलवे अधिकारियों में उपमुख्य इंजीनियर निर्माण लखनऊ अनुज वर्मा के द्वारा बताया गया कि रेलवे द्वारा कासगंज जनपद को 25 करोड़ एवं एटा जनपद को 75 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिसके अंतर्गत राज्य सरकार से भूमि अधिग्रहण प्राप्त होते ही रेलवे लाइन डालने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह परियोजना लगभग 32 किलोमीटर की है, जिसमें 22 किलोमीटर एटा जिले में आता है एवं 10 किलोमीटर कासगंज जनपद में आता है।

# धर्मेन्द्र हत्याकांड का खुलासा न होने पर थाना प्रभारी से मिले पूर्व विधायक

■ हत्याकाण्ड के खुलासे की उठाई मांग, खुलासा न होने पर करेंगे आंदोलन

स्वदेश समाचार ■ एटा।


निधौलीकलां थाने में मौजूद पूर्व विधायक रणजीत सुमन के साथ अन्य लोग।

निधौलीकलां थाना क्षेत्र के गांव जौहरपुर में 6 फरवरी 2026 को हुए धर्मेन्द्र लोधी हत्याकांड का खुलासा न होने पर सपा के पूर्व विधायक रणजीत सुमन ने मृतक के पिता नेम सिंह लोधी और सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कोतवाली प्रभारी से मुलाकात की और घटना का शीघ्र खुलासा करने की मांग की।

पूर्व विधायक ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर हत्याकांड का खुलासा नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी भी हाल में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव, नगर अध्यक्ष वन्देहसन, चित्रपाल सिंह लोधी, नेम सिंह लोधी, विजय लोधी, कल्लू सिंह लोधी, शंकरपाल सिंह, सीताराम लोधी, जोधपाल, डा. मटरू सिंह, मुन्नालाल लोधी, आसूपवाह, सुम्मेर सिंह लोधी, मुसीर खान, प्रेमपाल सिंह लोधी, सहित सहित सैकड़ों लोधी समाज की महिलाएं-पुरुष उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने उन्हें एक सप्ताह के भीतर मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित की जिला स्तरीय कार्यशाला


जिला स्तरीय कार्यशाला में मंच पर बैठे मंचासीन अतिथिगण।

स्वदेश समाचार ■ कासगंज

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कासगंज भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने की, तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी पूनम बजाज उपस्थित रहीं।कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी पूनम बजाज ने संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं के सतत प्रशिक्षण तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता एवं वैचारिक स्पष्टता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने भी कार्यशाला को संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला और उन्हें व्यवहार में उतारने का आह्वान किया।

# हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

स्वदेश समाचार ■ मारहरा।


परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आतीं छात्राएं।

मारहरा में बुधवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल की हिंदी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी और पुलिस की सख्त चौकसी रही। छात्रों को एडमिट कार्ड और आधार कार्ड का मिलान करने के बाद ही प्रवेश दिया गया।

परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी देखी गई, क्योंकि अधिकांश को प्रश्नपत्र सरल लगा। मिरहची अड्डा स्थित एमजीएचएम इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर 592 छात्रों में से 572 उपस्थित रहे, जबकि 20 अनुपस्थित थे। पिदौरा अड्डा स्थित कल्याणी इंटर कॉलेज में 372 छात्रों में से 329 और सोनपाल सिंह इंटर कॉलेज में 180 छात्रों में से 177 ने परीक्षा दी। छात्रा शमीना ने कहा कि कुछ प्रश्न कठिन थे, लेकिन अधिकांश प्रश्न सरल थे, जबकि मिज्वा ने कहा कि जो उन्होंने पढ़ा था, वही प्रश्न आए।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, मैक्स पिकअप ने मारी टक्कर

एटा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला को एक तेज रफ्तार मैक्स पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। यह घटना रामनगर गांव के पास हुई, जब महिला जयकुमारी, जो अपने खेतों से घर लौट रही थीं, सड़क पार करते समय पिकअप की चपेट में आ गईं।

टक्कर के बाद महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत एटा के वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। हालांकि, चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वाहन का नंबर नोट कर लिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस वाहन की पहचान कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मध्य हुई बोर्ड परीक्षा

■ जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

■ बोले- अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर होगी कार्रवाई

स्वदेश समाचार ■ एटा।


परीक्षा केंद्र के बाहर अधीनस्थों को निर्देशित करते जिलाधिकारी।

18 फरवरी 2026 को माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से प्रारंभ हुई। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने नगर स्थित प्रिंटस गर्ल्स स्कूल परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर नकल विहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 92 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। जिनमें 56,955 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। बताया गया है कि हाईस्कूल की परीक्षा में 2363 परीक्षार्थी और इंटर की परीक्षा में 1830 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान 06 जोनल और 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 92 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, तथा सचल दलों की तैनाती की गई। डीएम ने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों पर बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकतानुसार सर्विलांस के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए अथवा उसमें संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध अनुचित साधन निवारण अधिनियम-2025 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें 10 वर्ष तक की सजा एवं एक करोड़ रुपये तक के अर्थदंड का प्रावधान है। उन्होंने प्रशासन की प्रतिबद्धता को व्यक्त करते हुए नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।


## कार्यालयः-नगर पालिका परिषद, हाथरस

पत्रांक-2859/स्वा.अनु./2025-26 दिनांक-18.02.2026

**पुनः अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद, हाथरस द्वारा नगर में स्थित आवासीय, अनावासीय (व्यवसायिक), होटल/रेस्टोरेन्ट एवं मैरिज होम (धर्मशाला) आदि से डोर-टू-डोर कूड़ा कलैक्शन कार्य हेतु प्रति भवन/होटल/मैरिज होम के आधार पर संबंधित कार्य के अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से सपठित नियम व शर्तों के अधीन टू-बिड पद्धति के आधार पर संबंधित ई-निविदा दिनांक 26.02.2026 को 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं व निविदा कमेटी के समक्ष कार्यालय नगर पालिका परिषद, हाथरस पर खोली जायेगी। कार्य का विवरण, निविदा शुल्क, धरोहर धनराशि तथा नियम व शर्तों का पूर्ण विवरण नगर पालिका परिषद, हाथरस की वेबसाइट www.npphathras.org पर देखा जा सकता है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलैक्शन कार्य से संबंधित अन्य कोई जानकारी किसी भी कार्यशील दिवस में स्वास्थ्य अनुभाग, नगर पालिका परिषद, हाथरस से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र व अन्य शर्तें दिनांक 18.02.2026 से केवल एन.आई.सी. की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी तथा डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। दिनांक 26.02.2026 को ही निविदा के साथ संलग्न किय गये सभी अभिलेखों की स्वप्रमाणित हार्डकॉपी एवं निविदा फार्म के निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट कार्यालय में जमा करना होगा।

(रोहित सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हाथरस।

(श्वेता चौधरी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, हाथरस।



**फॉर्म जी**
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
मेसर्स भगवती राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड
मैनपुरी, उत्तर प्रदेश में एग्रो इंडस्ट्री में कार्यरत
दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36A(1) के अधीन

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट ऋणदाता का नाम | मेसर्स भगवती राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड पैन: AAACB7913J सीन: U15312UP1995PTC019042 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | सिरसगंज रोड मैनपुरी, उत्तर प्रदेश, भारत – 205001 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | एनए |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है | सिरसगंज रोड मैनपुरी, उत्तर प्रदेश, भारत – 205001 |
| 5. | कॉर्पोरेट ऋणदाता के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | 31 मार्च 2022 तक 12 टन प्रति घंटा (टीपीएच) |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | शून्य |
| 7. | कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या | शून्य |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं हेतु प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं:– | विवरण cirp.bhagwatiricemills@gmail.com पर ईमेल करके मांगी जा सकती हैं। |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है: | विवरण cirp.bhagwatiricemills@gmail.com पर ईमेल करके मांगी जा सकती हैं। |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 06.03.2026 |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 16.03.2026 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 21.03.2026 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख | 31.03.2026 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख | 21.03.2026 |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 20.04.2026 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया | cirp.bhagwatiricemills@gmail.com |
| 17. | एमएसएमई के रूप में कॉर्पोरेट देनदार की पंजीकरण स्थिति का विवरण | UDYAM-UP-53-0000846 dated 08.03.2021 |

बबीता जैन
रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल
मैसर्स भगवती राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड
रजिस्ट्रेशन नंबर: IBBI/IPA-002/IP-N00321/2017-18/10926
एएफए वैधता 31.12.2026 तक
रजिस्टर्ड ऑफिस: सिरसागंज रोड मैनपुरी, उत्तर प्रदेश, इंडिया – 205001
आपी कार्यलयः 35बी/6 माधोकुंज, राममोहन प्लाजा, कटरा, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश 211002
तिथि : 18.02.2026
स्थान: इलाहाबाद
ईमेल: jainbabita06@gmail.com, cirp.bhagwatiricemills@gmail.com

